आइआइटी भी जांचेगा दवा की गुणवत्ता

जासं, वाराणसी : बीएचयू स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान का फार्मास्यूटिकल्स इंजीनियरिंग व टेक्नोलॉजी विभाग अब दवा की गुणवत्ता भी जांचेगा।

विभाग को यह जिम्मेदारी केंद्रीय स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्रालय के भारतीय भेषज संहिता आयोग (इंडियन फार्माकोपोइया कमीशन) ने दी है। इस फैसले से आयोग के सहयोगी केंद्र के रूप में विभाग काम करेगा। विभागाध्यक्ष प्रो. संजय सिंह के अनुसार इस संबंध में आयोग जल्द विभाग को मसौदा भेजेगा। इसके बाद संस्थान में दवा व औषधियों के शोध को और बढ़ावा मिलेगा। साथ ही चिकित्सा उपकरणों की गुणवत्ता और प्रामाणिकता की जांच होगी। बताया कि इस आशय का पत्र आयोग के सचिव व सह वैज्ञानिक निदेशक डा. जीएन सिंह की ओर से आया है।

दैनिक जागरण– 09.09.2018